# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–03 जून2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश सरकार ने पुलिस कांस्टेबल, प्रांतीय सशस्त्र बल–पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन के पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए बीस प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस फैसले का उद्देश्य अग्निपथ योजना के तहत सेवा देने वाले युवाओं को सेवा के बाद रोजगार का अवसर प्रदान करना है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट बैठक में हुए इस फैसले की जानकारी दी।

***कैबिनेट के समक्ष जो प्रस्ताव आया है, एक्स अग्निवीर को समायोजित करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी आरक्षी, घुड़सवार और फायरमैन की सीधी भर्ती में बीस प्रतिशत पदों पर आरक्षण देने के संबंध में उत्तर प्रदेश ने आज मंत्री परिषद में बीस प्रतिशत हॉरिजॉन्टल आरक्षण देने का आज फैसला किया है।***

आज हुई कैबिनेट बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होम स्टे नीति–2025 को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस नई नीति का उद्देश्य राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा उपलब्ध करना है।

बीएंडबी एवं होमस्टे नीति–2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने एक से छह कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत अधिकतम बारह बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार सात दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी। अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी। बैठक के दौरान प्रदेश में जनहित से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये।

**********

देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रही एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर आज प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित सरकार के कई अन्य मंत्रिगण और कई वरिष्ठ नेताओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में हो रहे देश और प्रदेश के विकास के बारे में चर्चा की।

**********

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार सहित चौदह विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान से जुड़े कार्यक्रमों की कड़ी में आज सुबह से प्राण प्रतिष्ठा पूजन शुरू हो गया। मुख्य कार्यक्रम पांच जून को दोपहर ग्यारह बजे से होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे को याद कर रहे हैं।

***वर्ष 1918 में वर्तमान में कर्नाटक में जन्मे सेकंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणें, दिसंबर 1947 में सेना की इंजीनियर्स कोर में शामिल हुए। वर्ष 1947–48 में भारत पाक युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने मार्च 1948 में जहांगीर क्षेत्र पर पुनः नियंत्रण प्राप्त करने के बाद वहां के नागरिकों को दुश्मन की क्रूरता से बचाने के लिए नौशेरा से राजौरी की ओर एक अग्रिम अभियान की योजना बनाई। 8 अप्रैल को चार डोगरा बटालियन ने अपना हमला शुरू किया, लेकिन उसका मार्ग बारूदी सुरंगों और सड़क अवरोधों से बाधित था। सेकंड लेफ्टिनेंट राणें ने इस दौरान शत्रु के मोर्टार हमलों के बीच घायल होने के बावजूद टैंकों के लिए मार्ग को साफ करने के लिए बारूदी सुरंगों और बाधाओं को हटाने का कार्य जारी रखा। भारतीय सेना राजौरी तक पहुंचने में सफल हुई, जिससे दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचा और असंख्य निर्दोष नागरिकों का जीवन बचाया जा सका। सेकंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणें को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

आगरा में सिकंदरा थानाक्षेत्र में नगला नाथू के पास आज यमुना नदी में डूबने से एक ही परिवार की चार लड़कियों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। यह सभी लड़कियां नदी में नहाने के लिए उतरी थीं। अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण सभी लड़कियां डूबने लगीं। स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से दो बच्चियों को नदी से निकाल लिया गया और अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उपचाराधीन लड़कियों के लिए शीघ्र स्वास्थ्य की कामना भी की है।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज सुबह से ही रुक रुक कर घने बादल देखने को मिले और कुछ जिलों में वर्षा भी हुई। हमारे जौनपुर प्रतिनिधि ने बताया कि वहां तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। बलरामपुर जिले में भी सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और रुक रुक कर बूंदाबांदी हो रही है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने पांच जून के बाद प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

**********